# GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
# BAIKUNTHPUR , KOREA (C.G.)

Affiliated To: Sant Gahira Guru Vishwavidyalaya Sarguja Ambikapur (C.G)

Web Site = www.govtngcbkp.com Email Address = navingirls.bkp@gmail.com

# REPORT OF NSS REGULAR ACTIVITIES

**2020-21**

**Principal**

**&**

**Programme officer**

**Dr. Ranjna Neelima kachhap**

Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

# N.S.S.

on 24th september 1969, the birth century of Maharma gandhi, father of the nation, India govt. started NSS with the hope that students of higher education department will develop social responsibility, self discepline, social, social cousceousness, respect for labour. students in their leisure and holidays use their free time for social work and along with studies face the bare realities of life and develop his/her own personality.

In the year 1969 Madhya pradesh and chattisgarh introduced NSS for the first time in Universities and at present all the colleges of the state are operating it sucessfully. Besides the frame work of the scheme is divided into A,B, and C certificates.

In govt. naveen girls college in the session 2011 NSS stared with only 100 seats (girls unit) since them with the aim of through social service develop ours personality. NSS courades and the institution is actively and sucesfully running the scheme

## Objectives of National Service Scheme -

"Development of personality of the student through social service"

NSS aims at developing the following qualities/competencies among the volunteers-:

1- To understand the community in which the NSS volunteers work and to understand themselves in relation to their community.
2- To identify the needs and problems of the community and involve themselves in problem-solving exercise.
3- To develop among themselves a sense of social and civic responsibility.
4- To utilize their knowledge in finding practical solution to individual and community problems.
5- To gain skills in mobilizing community participation .
6- To acquire leadership qualities and democratic values.
7- To practice national integration and social harmony.

**Goals of National Service Scheme** - " Social service through education and education through social service "

## Objectives of National Service Scheme -

"Development of personality of the student through social service"

NSS aims at developing the following qualities/competencies among the volunteers-:

AISHE C-9716

1- To understand the community in which the NSS volunteers work and to understand themselves in relation to their community.
2- To identify the needs and problems of the community and involve themselves in problem-solving exercise.
3- To develop among themselves a sense of social and civic responsibility.
4- To utilize their knowledge in finding practical solution to individual and community problems.
5- To gain skills in mobilizing community participation .
6- To acquire leadership qualities and democratic values.
7- To practice national integration and social harmony.

**Goals of National Service Scheme - " Social service through education and education through social service "**

## Tasks to be done under regular activity -:

- Volunteer Orientation Program
- Voter Awareness Program
- Environmental Promotion Protection and Plantation
- Literacy Program
- Cleanliness Program
- shramdan
- health education
- Employment related work for economic development
- Various Competitions and Cultural Programs
- Other acts of social service

## Regular Activity Compliance Report 2020 - 21

As part of the regular activity, the volunteer has to do 120 hours of shramdaan throughout the year. According to the action plan, the Chhatraye remains active in the college throughout the year while doing the activities of the National Service Scheme.

## Details of regular activities conducted throughout the year -:

**international yoga day : -**

21-06-2020 - Due to covid-19 on International Yoga Day, practicing yoga at home.

**National Festival :-**

15- August, 26 January, The purpose of celebrating the national festival, children can understand its importance and develop the feeling of patriotism in them.

Govt. Rajmohini Girls College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

**National Service Scheme Foundation Day :-**

24-09-2020 - On the occasion of National Service Scheme Foundation Day, various programs were organized through online such as - folk dance, folk songs, poetry, this program was celebrated jointly with Government Ramanuj Pratap Singhdev Mahavidyalaya Baikunthpur. 500 saplings were planted around their homes among the girls of Naveen Kanya Mahavidyalaya.

**Gandhi Jayanti : -**

02-10-2020 - The oath of cleanliness was taken through online medium.

**National Unity Day :-**

31-10-2020 - Government Ramanuj Pratap Singhdev Mahavidyalaya, Baikunthpur was celebrated jointly with Government College Patna, in which poetry, speech, dance were organized through online.

**Constitution Day :-**

26-11-2020 - The Preamble of the Constitution was read through online.

**Programs under Blue Brigade :-**

Under the joint aegis of UNICEF and National Service Scheme, Mohalla classes and various awareness programs were conducted by the girl students in various villages from the month of November to January under the Blue Brigade scheme.

**Cleanliness Campaign and Cultural Program :-**

30-12-2020 - and 01-01-2021 - According to the instructions of Collector Korea, 20 girl students participated in cultural programs in Jhumka Reservoir, a tourist place.

**National Youth Day : -**

12-01-2021 - Speech on the life philosophy of Swami Vivekananda was organized and B. C. Certificates and certificates were distributed to volunteers who did commendable work in Kovid-19.

23-01-2021 - Online program on Subhash Chandra Bose Jayanti.

**National Girl Child Day :-**

24-01-2021 - Poster, Rangoli, and street competition was organized on National Girl Child Day. And by taking out a rally, the message of Beti Bachao, Beti Padhao was given in the rural areas.

Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

**Voter's Day :-**

25-01-2021- Oath was administered through online medium to conduct fair voting on Voter's Day.

28-01-2021 - Program under Blue Brigade in Village Basti and Odgi

**Martyrs Day : -**

30-01-2021 Martyrs were remembered by organizing programs through online and offline medium

**Plus polio vaccination :-**

31-01-2021 - assisted by volunteers in polio booths around their homes in plus polio vaccination.

**Distribution of hot clothes Durgapur Pando Basti :-**

06-02-2021 - Villagers were made aware of Corona by distributing warm and other clothes in village Durgapur Pando Basti.

**cleanliness program : -**

13-02-2021 - Cleanliness drive was conducted in the college campus.

**Construction of platform: -**

From 18-02-2021 to 22-02-2021 3 platforms were constructed in the college.

**One Day Diva Camp :-**

27-02-2021 - Public awareness rally and intellectual and cultural program was organized by organizing one day Diva camp in village Shankarpur.

**International Women's Day :-**

08-03-2021 - By organizing a seminar on gender discrimination and women's life, the girl students were made aware of women empowerment and about domestic violence so that the girl students remain aware of these problems

**Through the above programs, various arts are developed in the volunteers such as:-**

- To develop the personality of the volunteers.
- To develop a sense of respect for labour.
- To provide a platform to nurture the hidden talents.
- To have knowledge of the folk cultures of India through cultural programmes.
- To develop intellectual arts through various competitions.
- To serve the society selflessly.


Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 Baikunthpur

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# ऑन लाईन गूगल मीट पर मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस





**बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार) -** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का 51 वां स्थापना दिवस समारोह कोविड - 19 संक्रमण के कारण देश भर में वर्चुअल माध्यम से मनाया गया। इसी क्रम में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के प्राचार्य डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता के संरक्षण एवं जिला संगठक प्रो0 एम0 सी0 हिमधर के संयोजन में ऑन लाईन माध्यम से गूगल मीट पर जिला स्तरीय रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें कोरिया एवं सूरजपुर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों ने सहभागिता किया। राज्य रासेयो अधिकारी एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग डॉ0 समरेन्द्र सिंह मुख्य संरक्षक एवं मार्गदर्शक के रूप में पटल पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम डॉ0 एस0 के0 त्रिपाठी अपर संचालक उच्च शिक्षा सरगुजा सम्भाग अम्बिकापुर के मुख्य आतिथ्य तथा डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं युवा प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत से किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो0 एम0 सी0 हिमधर ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कोरिया एवं सूरजपुर जिले के रासेयो गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वयं सेवकों की ओर से पारस खैरवार ने राजकीय एवं लक्ष्य गीत तथा कु0 अमृता सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शालिनी सिंह श्याम व आकाश सिंह ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, रूपेश कुमार श्रीवास ने एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुति दिया। काव्य पाठ अन्तर्गत संदीप गौड़, प्रिंस कुमार सिंह, कु0 प्रीति पाण्डेय और कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रीता गिरी शासकीय कन्या उ0 मा0 वि0 अधिना सलका ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। वक्ता के रूप में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 एस0 बी0 श्याम विश्नोई, डॉ0 आर0 एन0 कच्छप, प्रो0 सी0 बी0 मिश्रा एवं राज्य स्तरीय रासेयो पुरस्कार से सम्मानित राजीव कुमार सिंह ने अपने अनुभव बांटे और स्वयं सेवकों को कोविड काल में सुरक्षित रहकर कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। रासेयो प्रमुख डॉ0 समरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि- हर चुनौती हमें सक्षम बनाता है। चुनौतियों के अनुरूप अपने आप को ढालकर कार्य करना हमारे स्वयं सेवकों को आता है। हमें अपने अच्छाईयों के साथ- साथ बुराईयों पर भी विजय प्राप्त करनी है। अतः प्रत्येक स्वयं सेवक अपने अन्दर की एक बुराई को त्यागने का आज संकल्प ले। उन्होंनें अच्छे गतिविधियों के संचालन के लिए सरगुजा विश्वविद्यालय की प्रशंसा की तथा स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी। मुख्य अतिथि डॉ0 एस0 के0 त्रिपाठी जी ने रासेयो के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि- आज कोविड संकट और लाक डाउन के कारण जबकि हमारे विद्यार्थी स्कूल, कॉलेज न आकर घरों में रहकर अपने उत्तरदायित्वों को निर्वहन कर रहे है। सभी बधाई के पात्र है। रासेयो गतिविधियों में सभी इकाईयां बेहतरीन कार्य कर रहे है। रासेयो गतिविधियां में कोरिया जिला सम्भाग में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ0 ए0 के0 सिन्हा ने कहा कि- रासेयो में हम पुरस्कारों के लिए काम नहीं करते किन्तु हमारे कार्यो के मूल्यांकन से जो सम्मान प्राप्त होता है उससे कार्य करने की एक नई ऊर्जा मिलती है। कोविड काल में कोरिया व सूरजपुर जिले के स्वयं सेवकों के द्वारा कोरोना वारियर्स के रूप में किए गए बेहतरीन कार्यो की प्रशंसा किया। उन्होंनें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2019-20 में एवं कोविड। काल में अच्छे कार्य करने वाले कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को ऑन लाईन प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कोरिया जिला से डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप, प्रो0 शिव शंकर राजवाड़े, सुशील कुमार जायसवाल, आनन्द प्रकाश विश्वकर्मा, श्रीमती जयपतिया तिवारी, राम खेलावन विश्वकर्मा एवं सूरजपुर जिला से प्रो0 सी0 बी0 मिश्रा, प्रो0 गोपेश्वर साय, राजीव कुमार सिंह, दिलीप शर्मा, ओम प्रकाश राजवाड़े, श्रीमती रीता गिरी सम्मानित हुए। स्वयं सेवकों में कोरिया से सिमरन परवीन, शिवम सागर, अल्फा बड़ा, शक्ति राजवाड़े, बिहारी लाल साहू, रवि मुंगरी, रूपेश श्रीवास, सुनीता कुर्रे, मिथलेश यादव एवं अशोक कुमार साहू तथा सूरजपुर जिले से पूनम प्रधान, सूरज मुनी पैकरा, सतीश सिंह, गौरी राजवाड़े, सोनावती, ज्योति कुशवाहा, सुनीता साहू, सोन कुमारी सिंह, पिलेश्वर यादव, अयोध्या प्रसाद सम्मानित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राम किंकर पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी के द्वारा अपने साहित्यिक अंदाज में किया गया। तकनीकी संयोजन श्रीमती जयश्री मण्डल देवनाथ ग्रन्थपाल शासकीय रामानुज पी0 जी0 महाविद्यालय बैकुण्ठपुर का रहा। अंत में आभार प्रदर्शन जिला संयोजक ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम सहायक मो0 आरीफ डेबर, वरिष्ठ स्वयं सेवक सेवक सिमरन परवीन, देव नारायण सिंह, शिवम सागर और अभय यादव का सक्रिय योगदान रहा।

AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEG
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)


https://mail.google.com/mail/u/0/#inbox/FMfcgzGkXwHpcwhLMJBPgLhgNvWSFvbV?projector=1&messagePartId=0.1

# ऑनलाईन गूगल मीट पर मनाया गया रासेयो स्थापना दिवस

## कोरिया एवं सूरजपुर के कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों ने की सहभागिता

संवाददाता सम्पर्क क्रांति

बैकुण्ठपुर / भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना का 51 वां स्थापना दिवस समारोह कोविड – 19 संक्रमण के कारण देश भर में वर्चुअल माध्यम से मनाया गया। इसी क्रम में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के प्राचार्य डॉ० स० सी० गुप्ता के संरक्षण एवं जिला संगठक प्रो० एम० सी० हिमधर के संयोजन में ऑनलाईन माध्यम से गूगल मीट पर जिला स्तरीय रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें कोरिया एवं सूरजपुर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों ने सहभागिता किया। राज्य रासेयो अधिकारी एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग डॉ० समरेन्द्र सिंह मुख्य संरक्षक एवं मार्गदर्शक के रूप में पटल पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम डॉ० एस० के० त्रिपाठी अपर संचालक उच्च शिक्षा सरगुजा सम्भाग अम्बिकापुर के मुख्य आतिथ्य तथा डॉ० अनिल कुमार सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं युवा प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत से किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो० एम० सी० हिमधर ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कोरिया एवं सूरजपुर जिले के रासेयो गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वयं सेवकों की ओर से पायल सोनवानी ने राजकीय एवं लक्ष्य गीत तथा कु० अनुरा सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शालिनी सिंह श्याम व आकांक्षा सिंह ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, सतीश कुमार चौहान ने एकल नृत्य की शानदार प्रस्तुति दिया। काव्य पाठ अन्तर्गत सतीश गौड़,



प्रिंस कुमार सिंह, कु० प्रीति पाण्डेय और कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरि शासकीय कन्या उ० मा० वि० अनिता सलका ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। वक्ता के रूप में कार्यक्रम अधिकारी डॉ० एस० के० श्याम सिन्हा, डॉ० आर० एन० कच्छप, डॉ० सी० के० मिश्रा एवं राज्य स्तरीय रासेयो पुरस्कार से सम्मानित राजीव कुमार सिंह ने अपने अनुभव बांटे और स्वयं सेवकों को कोविड काल में सुरक्षित रहकर कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

**रासेयो प्रमुख डॉ० समरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि :–** हर चुनौती हमें सक्षम बनाता है। चुनौतियों के अनुरूप अपने आप को ढालकर कार्य करना हमारे स्वयं सेवकों को आता है। हमें अपने अच्छाईयों के साथ- साथ बुराईयों पर भी विजय प्राप्त करनी है। अतः प्रत्येक स्वयं सेवक अपने अन्दर की एक बुराई को त्यागने का आज संकल्प लें। उन्होंने अच्छे गतिविधियों के संचालन के लिए सरगुजा विश्वविद्यालय की प्रशंसा की तथा स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामना दी। मुख्य अतिथि डॉ० एस० के० त्रिपाठी जी ने रासेयो के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि– आज कोविड संकट और लाक डाउन के कारण जबकि हमारे विद्यार्थी स्कूल, कॉलेज न आकर घरो में रहकर अपनी कक्षा गतिविधियों को निर्बाध कर रहे हैं। सभी बधाई के पात्र हैं। रासेयो गतिविधियों में सभी इकाईयां बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। रासेयो गतिविधियां में कोरिया जिला सम्भाग में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ० ए० के० सिन्हा ने कहा कि– रासेयो में हम पुरस्कारों के लिए काम नहीं करते किन्तु हमारे कार्यों के मूल्यांकन से जो सम्मान प्राप्त होता है उससे कार्य करने की एक नई ऊर्जा मिलती है। कोविड काल में कोरिया व सूरजपुर जिले के स्वयं सेवकों के द्वारा कोरोना वारियर्स के रूप में किए गए बेहतरीन कार्यों की प्रशंसा किया। उन्होंने स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2019-20 में एवं कोविड काल में अच्छे कार्य करने वाले कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को ऑनलाईन प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कोरिया जिला से डॉ० रश्मि नीलिमा कच्छप, डॉ० शिव शंकर राजवाड़े, सुनील कुमार जायसवाल, अनन्द प्रकाश विश्वकर्मा, जगदीश तिवारी, राम सेवक विश्वकर्मा एवं सूरजपुर जिला से डॉ० सी० के० मिश्रा, डॉ० गोविन्द साहू, राजीव कुमार सिंह, दिलीप शर्मा और प्रकाश राजवाड़े, रीता गिरि सम्मानित हुए। स्वयं सेवकों में कोरिया से फिरदौस फातिमा, शिवम सागर, अलका बड़ा, शशि राजवाड़े, शिवानी साहू, रवि पुरी, सतीश चौहान, पुनीता पुरी, मिथलेश यादव एवं अशोक कुमार साहू तथा सूरजपुर जिले से कुश प्रताप, सूरज पुरी बैरा, सविता सिंह, गौरी राजवाड़े, गोस्वामी, ज्योति कुशवाहा, पुनीता साहू, ओम कुमारी सिंह, मिथलेश यादव, अमीषा प्रसाद सम्मानित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ० राम किशन पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी शासकीय [illegible] महाविद्यालय चिरमिरी के द्वारा अपने सारगर्भित अंदाज में किया गया। तकनीकी संयोजन [illegible] शासकीय रामानुज पी० जी० महाविद्यालय बैकुण्ठपुर का रहा। अंत में आभार प्रदर्शन जिला संयोजक ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम सहायक मो० आरिफ डैबर, वरिष्ठ स्वयं सेवक शिवकरन फाजील, देव नारायण सिंह, शिवम सागर और अन्य यादव का सक्रिय योगदान रहा।

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

दैनिक भास्कर 25/10/2020

# 10 स्वयंसेवकों को मिला सी-प्रमाण पत्र, शासकीय सेवा में मिलेगा लाभ

भास्कर न्यूज़ | बैकुंठपुर

केंद्र सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष 2019-20 अंतर्गत सी-प्रमाण पत्र परीक्षा में 10 स्वयं सेविकाओं ने सफलता हासिल की है।

उन्होंने जन जागरूकता के विभिन्न विषय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट संत गहिरा गुरु युनिवर्सिटी अंबिकापुर में प्रस्तुत की थी। यहां नियुक्त परीक्षक द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट का मूल्यांकन करने के बाद उन्हीं विषयों पर आधारित ऑनलाइन मौखिक परीक्षा के लिए पात्र घोषित किया गया। सफल स्वयं सेवकों के नाम घोषित किए कर दिए गए हैं। इसमें नीरा, ज्योति, बिंदु, उर्मिला, अल्का बड़ा, शक्ति राजवाड़े, निशा सिंह कमरो, आरती कुंज, सावित्री राजवाड़े किरन को सी-प्रमाण पत्र दिया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवाओं में सी-प्रमाण पत्र हासिल करने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों को प्राथमिकता के आधार पर पांच अंक अतिरिक्त देने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा उच्च कक्षाओं में प्रवेश में अधिभार अंक देने की बात कही गई है। इसका लाभ आगे चलकर स्वयंसेवकों को उच्च शिक्षा और सरकारी सेवा में मिलेगा। ऐसा करने से कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र एनएसएस जैसी संस्था से जुड़ेंगे और समाज सुधार की दिशा में काम करेंगे। सी-प्रमाण पत्र हासिल करने वाले छात्रों में ग्रामीण इलाकों में कई विषयों पर अभियान के तहत कई अच्छे कार्य किए हैं। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, स्वच्छता जागरूकता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, नरवा, गरवा, घुरवा एवं बारी को बचाने में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, प्लास्टिक उन्मूलन में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका समेत कई विषयों पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर के दौरान जागरूकता अभियान चलाया था।

2 नवम्बर 2020 अंबिकावाणी

# रासेयो ने ऑन लाईन मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस एवं इन्दिरा की पुण्य तिथि

बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार) - लौह पुरूष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 145 वीं जयंती एवं प्रियदर्शिनी भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी जी की 36 वीं पुण्य तिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में कोविड- 19 संक्रमण के कारण राष्ट्रीय सेवा योजना जिला- कोरिया एवं सूरजपुर के द्वारा गूगल मीट पर वर्चुअल माध्यम से मनाया गया। कार्यक्रम राज्य रासेयो अधिकारी एवं पदेन उप सचिव डॉ0 समरेन्द्र सिंह जी के संरक्षण, डॉ0 ए0 के0 सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ0 ए0सी0 गुप्ता प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के अध्यक्षता तथा प्रो0 एम0 सी0 हिमधर जिला संगठक के संयोजन एवं संचालन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला संगठक, डॉ0 आशुतोष देवस्कर सहा0 प्राध्या0 मनोविज्ञान एवं स्वयं सेवकों द्वारा सरदार पटेल एवं



इन्दिरा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। राजकीय गीत के साथ कु0 अमृता सिंह के द्वारा राष्ट्रीय एकता गीत की प्रस्तुति वरिष्ठ दी गई। डॉ0 आर0एन0 कच्छप प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा की सरदार पटेल एवं इन्दिरा गांधी जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व देश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ0 ए0 सी0 गुप्ता ने ऑन लाईन राष्ट्रीय एकता का शपथ - मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता, और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ, दिलाते हुए दोनों महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। स्वयं सेवकों की ओर से आकाश सिंह ने सोलो एकता डान्स की प्रस्तुति दी। काव्य पाठ अन्तर्गत कु0 प्रीति पाण्डेय, कु0 सिमरन परवीन, शबाना बेगम, दीपशिखा देवांगन, प्रेरणा गीत अन्तर्गत कु0 रूपाली, सोनिया, मनीषा तथा भाषण अन्तर्गत कु0 प्रीति यादव एवं कोमल एवं बिहारी लाल साहू ने विचार रखे। वक्ता के रूप में डॉ0 राम किंकर पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी ने स्व0 इन्दिरा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास के लिए महत्वपूर्ण है।

क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई गुलाब कमरो ने मुख्य

सोनहत (अम्बिकावाणी समाचार) -

AISHE C-9716 Govt. Naveen Girls College BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

अंबिकावाणी 25 सितम्बर 2020

अंबिकावाणी
25 सितम्बर

## सर्पदंश से महिला की मौत

मनेंद्रगढ़। थानांतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्री के ग्राम सारिसताल में ... की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सारिसताल निवासी ... पति शिव कुमार जमीन में सोई हुई थी, तभी सर्प ने उसके पैर ... बजे पति ने उसे दर्द से तड़पते देखा। पति के अनुसार सर्पदं... अस्पताल लाने की तैयारी की जा रही थी कि इस बीच उसने घर ...

### छोटी खबरें

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर 500 पौधों का किया गया रोपण





बैंकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार) - भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो0 एम0सी0 हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में महाविद्यालयीन स्वयं सेविकाओं द्वारा कोविड-19 के कारण महाविद्यालय नहीं आ सकने पर अपने घर एवं घर के आस-पास आज दिनांक 24 सितंबर 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर नीम, कटहल, आम, जामुन, अमरूद, पपीता, शहतूत, शीशम, सीताफल, एलोवेरा, तुलसी आदि 500 पौधों का रोपण किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं के लिए ऑनलाईन पोस्टर प्रतियोगिता एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बी.ए. प्रथम वर्ष, बी.ए.द्वितीय वर्ष, बी.एससी.प्रथम वर्ष, बी.एससी. द्वितीय वर्ष तथा फाइनल की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्राओं को ढेरों शुभकामनायें।

## मनेन्द्रगढ में कोरोना से 2 ने जान

हरिभूमि 25 सितम्बर 2020

हरिभूमि
25 सितम्बर

... देर ग्राम तक रुक-रुक कर रिमझिम बारिश होती रही। गुरुवार को शहर में हुई बारिश के बाद मौसम में बदलाव देखा गया। इस दौरान मौसम का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा।

## कॉलेज में 500 पौधों का किया गया रोपण



बैकुंठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व एवं जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर के मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन स्वयं सेविकाओं द्वारा कोविड-19 के कारण महाविद्यालय नहीं जा रही है, स्वयंसेविका घर के आस-पास ही गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर नीम, कटहल, आम, जामुन, अमरूद, पपीता, शहतूत, शीशम, सीताफल, एलोवेरा, तुलसी सहित 500 पौधों का रोपण किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं के लिए ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए प्रथम वर्ष, बीए द्वितीय वर्ष, बीएससी प्रथम वर्ष, बीएससी द्वितीय वर्ष तथा फाइनल की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कालेज परिवार की ओर से सभी छात्राओं को बधाई दी गई।

## बंदरों के उत्पात से मकान मालिक परेशान

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महावि...
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

Govt. Naveen Girls College
AISHE C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

# GOVT. NAVIN GIRLS COLLEGE BAIKUNTHPUR KORIYA C.G.

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस :- कोविड-19 में पौधारोपण करतीं स्वयं सेविकायें




Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

दैनिक भास्कर 27 नवम्बर 2020

## कॉलेज स्टाफ को दिलाई शपथ, ऑनलाइन क्लास से जुड़ीं छात्राएं



बैकुंठपुर| शासकीय गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले संविधान दिवस मनाया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने कॉलेज स्टाफ को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान की शपथ दिलाई गई। इसमें ऑनलाइन क्लास से छात्राएं भी शामिल हुईं। इस दौरान महाविद्यालय के सभी स्टाफ केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, महेन्द्र कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर व सत्येन्द्र सिंह पैकरा मौजूद थे।

कोरिया भास्कर 24/1/2021

ज्यों ही कथा पूर्ण हुई पुंश्कारी को प्रसाद ग्रहण अवश्य करना चाहिए।

## बोस की जयंती पर कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में मौजूद अतिथि व अन्य।

बैकुंठपुर| गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयन्ती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई।

कार्यक्रम में सुभाष चंद्र की तस्वीर पर प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप व स्टाफ ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन में बोस के योगदान विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉ. अनिल सिन्हा, प्रो. एमसी हिमधर, डॉ. कामिनी, केजेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेन्द्र कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह पैकरा व बिनयामिन लकड़ा शामिल थे।

कोरिया भास्कर 26/1/21

कि बेटी को पढ़ाना ही बहुत नहीं है उसे सक्षम भी बनाना चाहिए। जिला मेमता राणा, श्यामा सिंह समेत [illegible] मौजूद थे।

कोरिया भास्कर 26/1/2

## गर्ल्स कॉलेज में मतदाता दिवस पर छात्रों को शपथ दिलाई



मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के लिए छात्रों को शपथ दिलाई गई।

बैकुंठपुर| संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के तहत 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कर छात्रों को मतदान प्रक्रिया से जुड़ने की शपथ दिलाई गई। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा और जिला संगठक प्रो. एमसी. हिमधर ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि मतदाता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। छात्र देश के भविष्य की नींव रखते हैं। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा छात्राओं को मतदाता दिवस की जानकारी दी। वहीं केजेड. उस्मानी ने छात्रों, अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाया। इस अवसर पर डॉ. कामिनी, रितेश गुप्ता, विपिन सिंह, महेंद्र कुमार कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर, सत्येंद्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा उपस्थित रहे।

AISHE C-9716
Govt. Naveen Girls College
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर





## पराक्रम दिवस



मतदाता दिवस पर शपथ



महात्मा गांधी निर्वाण दिवस





AISHE C-9716 Govt. Naween Girls College BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGI
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

नवभारत 27 फरवरी 2021।

नवभारत

बिलासपुर, शनिवार, 27 फरवरी 2021



# कन्या महाविद्यालय की रासेयो महिला इकाई ने किया श्रमदान

नवभारत ब्यूरो. | बैकुण्ठपुर.
www.navabharat.news



संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो एमसी हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय परिसर में लगे तीन वृक्षों पर चबूतरे का निर्माण किया. शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में वर्तमान में 692 छात्राएं अध्ययनरत हैं. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई लगातार सक्रिय रहती है. राष्ट्रीय सेवा योजना में 120 घंटे का श्रमदान निर्धारित रहता है. इस चबूतरे के निर्माण हेतु स्वयं सेवकों ने पुरानी बाउंड्रीवाल की टूटी हुई दीवार की ईंटे निकालकर चबूतरे की दीवार खड़ी की. श्रमदान में सुषमा कुर्रे, वर्षा सिंह, स्नेहा पैकरा, सरिता सिंह, सोनिया राजवाड़े, मीना करन, पूजा राजवाड़े ने प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ रंजना नीलिमा कच्छप एवं डॉ कामिनी के मार्गदर्शन में कार्य किया. महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ के जेड उस्मानी, रितेश गुप्ता, महेन्द्र कुमार कुर्रे, शैलेष मिश्रा, श्रीमती अलका दुबे, श्रीमती दीपशिखा मिश्रा, कु. निकिता दुबे, कु.नासमा बेगम, भागवत प्रसाद साहू, श्रीमती मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह पैकरा व बिनयामिन लकड़ा ने स्वयं सेवकों द्वारा किये गये प्रयास की सराहना की.

AISHE C-9716 Govt. Naveen Girl's College BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## महाविद्यालय परिसर में चबूतरा निर्माण










Govt. Naveen Girls College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

नई दुनिया

31/1/2021

# राष्ट्रपिता के आदर्शों को अपनाएं



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व रासेयो के स्वयं सेवक ● नईदुनिया

बैकुंठपुर(नईदुनिया न्यूज)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरू विवि अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डा. अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो एमसी हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 30 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर शहीद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा छात्राओं को आनलाईन एवं आफलाइन दोनों माध्यमों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों एवं उनके सिद्धांतों के संबंध में जानकारी दी गई। तत्पश्चात उपस्थित छात्राओं एवं महाविद्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को दो मिनट का मौन धारण कराकर शहीदों को श्रध्दांजलि दिलाया गया। इस अवसर पर डा. कामिनी, रितेश गुप्ता, महेन्द्र कुमार कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू, मोनिका गौर, सत्येन्द्र सिंह पैकरा आदि शामिल थे।

नवभारत 10 फरवरी 2021

10 फरवरी 2021 बुधवार नवभारत

# रासेयो महिला इकाई ने पंडोबस्ती में गर्म कपड़ों का किया वितरण

● नवभारत ब्यूरो. । बैकुण्ठपुर.
www.navabharat.news

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो एमसी हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले प्राचार्य व रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की रासेयो महिला इकाई की छात्राओं व महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा चंदा एकत्रित किया गया. एकत्रित राशि के सहयोग से गर्म कंबल क्रय किया गया इसके साथ ही महाविद्यालय के स्टॉफ व



कम्बल वितरण करते

छात्राओं द्वारा अन्य कपड़े भी एकत्रित किये गये. सभी कंबल व एकत्रित कपड़ों के साथ महाविद्यालयीन टीम पहाड़ की तराई में पण्डोबस्ती दुर्गापुर के लोगों से मिलकर कपड़ों का वितरण किया गया साथ ही कोविड-19 के प्रति साफ-सफाई, मास्क पहनकर रहना, दूरी बनाये रखना, बार-बार हाथ को साफ करते रहना आदि संबंधी जागरूकता से अवगत कराया गया. इस कार्य में डॉ. कामिनी, रितेश गुप्ता, महेन्द्र कुमार कुर्रे, विपिन सिंह, सत्येन्द्र सिंह पैकरा व बिनयामिन लकड़ा का सराहनीय योगदान रहा तथा स्वयंसेवक के रूप में कु. सोनिया राजवाड़े, कु. मीनाकरण, कु. रीनू, कु. कोमल, कु. सृष्टि, कु. सुषमा कुर्रे, कु. स्नेहा, कु. प्रीति यादव ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

AISHE C-9716 Govt. Naveen Girls College BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## ग्राम दुर्गापुर में कम्बल वितरण













Govt. Naween Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

ने बुधवार को दो शराब कोचियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 50 पौव शराब के साथ बाइक को जप्त किया और न्यायालय में पेश किया जहां जनवरी तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के निर्देश दिए। मुखबिर से मिली सूचना के आधा पर मंदिरहसौद पुलिस ने विरेन्द्र कुमार बंजारे रे (42) को शराब बेचलते हुए गिरफ्तार किया और उनके पास से 50 पौव शराब के साथ ही उनकी मोटर सायकिल को जप्त किया। दोनों आरोपियों को कारी प्रथम वर्ग पवन कुमार अग्रवाल के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें आगामी 19 जनवरी तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया



# राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार)/ भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरु विष्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो0 एम0सी0 हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में आज दिनांक 12 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र तले प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप एवं स्टॉफ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तत्पष्चात ऑनलाईन व ऑफलाईन माध्यम से निबंध विषय - राष्ट्र विकास में युवाओं की भूमिका तथा भाषण विषय - युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा स्वामी जी के पद चिन्हों पर चलते हुए युवाओं को पूरे जोष व उमंग के साथ कार्य करने संबंधी विचार दिये



गये तथा श्री के.जेड. उस्मानी ने स्वामी जी के किसी भी एक उद्देष्य को ध्यान में रखकर कार्य करने चाहे लक्ष्य हो, आत्मनिर्भरता हो या कर्तव्यनिष्ठा हो हेतु छात्रों को प्रेरित किया। डॉ0 कामिनी ने स्वामी जी के सिध्दांतों को अपनाते हुए आगे बढ़ने की बात कही। वहीं अल्फा एवं साक्षी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 कामिनी ने किया। श्री रितेष गुप्ता, श्री महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्री भागवत प्रसाद साहू, श्रीमती मोनिका गौर, श्री सत्येन्द सिंह पैकरा एवं श्री बिनयामिन लकड़ा ने सभी स्वयं सेवकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। बड़ी संख्या में ऑनलाईन, ऑफलाईन प्रमाण पत्र लेने वाली छात्राओं की सहभागिता रही।

**25 स्वयं सेवकों को बी प्रमाण पत्र वितरित** - कार्यक्रम के उपरांत सी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया इसमें कु0 शक्ति, अल्फा, नीरा, ज्योति, बिंदु, किरन, उर्मिला, सावित्री, आरती एवं निषा कुल 10 स्वयं सेवकों को वितरित किया गया। इसी प्रकार 25 स्वयं सेवकों को बी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। 21 स्वयं सेवकों को कोविड-19 लॉकडाउन के समय कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा मास्क बनाकर ग्रामीणों के बीच वितरित करने एवं बैकुण्ठपुर शहर के विभिन्न स्थलों पर सामाजिक दूरी बनाने एवं मास्क लगाने हेतु नागरिकों को प्रेरित करने के लिए युवा दिवस के अवसर पर प्रमाण पत्र प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप एवं के.जेड. उस्मानी द्वारा वितरित किये गये।

AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR- KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)


# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम एवं प्रमाण पत्र वितरण







AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
# बैकुण्ठपुर, जिला– कोरिया (छ0ग0)

Email Address = navingirls.bkp@gmail.com

*राष्ट्रीय बालिका दिवस*
*थीम :– बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ*

भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार माननीय प्रधानमंत्री ने लिंगानुपात में सुधार के लिए 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजना, लिंगानुपात में सुधार व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की थी।

बेटी बचाओं बेटी पढाओ थीम पर 24 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाना था, जिसके पालनार्थ भारत सरकार युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकम समन्वयक डॉ0 अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो0 एम0सी0 हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ थीम पर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिताएं ऑनलाईन माध्यम से आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों में स्वयं सेवकों द्वारा आमजनों को जागरूक करने के लिए बेहतर प्रदर्शन किया गया। इसी तरह ग्राम ओडगी में कु. सोनिया राजवाड़े एवं ग्रुप, ग्राम बस्ती में कु. वर्षा सिंह एवं ग्रुप और ग्राम आमापारा में कु. नीलम एवं ग्रुप द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं थीम पर नुक्कड़ नाटक में नारियों पर होने वाले अत्याचार को चित्रण कर प्रस्तुत किया गया।

नुक्कड़ नाटक के अंत में समस्त नागरिकों को संदेश दिया गया कि महिलाएँ, पुरूषों से कम नहीं है। बेटा और बेटी को समान समझा जाए तथा उनको आगे पढ़ने और आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए। अपने अधिकार के प्रति महिलाओं को स्वयं जागरूक होते हुए समाज को भी जागरूक होने का आव्हान किया। साथ ही समाज में हो रहे महिलाओं पर दुराचार के प्रति लोगों को अपनी चुप्पी खत्म कर उसका विरोध करते हुए उनकी रक्षा करने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ डॉ0 कामिनी, श्री के.जेड.उस्मानी, श्री रितेश गुप्ता, श्री विपिन सिंह, श्री महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्री भागवत प्रसाद साहू, श्रीमती मोनिका गौर, श्री सत्येन्द्र सिंह पैकरा एवं श्री बिनयामिन लकड़ा सभी ने समस्त बालिकाओं को बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी।


Govt. Naveen Girl's College AISHE C-9716 BAIKUNTHPUR


प्राचार्य

# राष्ट्रीय बालिका दिवस 24.01.2021 को नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागृत करती छात्रायें








AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# राष्ट्रीय बालिका दिवस 24.01.2021 पोस्टर प्रतियोगिता

















AISHE C-9716
Govt. Naveen Girls College Baikunthpur

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# राष्ट्रीय बालिका दिवस 24.01.2021 रंगोली प्रतियोगिता




Govt. Naveen Girl's College
AISHE
C-9716
BAIKUNTHPUR

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

3 मार्च (नवभारत) 2021

कार्यक्रम ●● शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने लोगों को किया जागरूक

# रासेयो महिला इकाई ने किया दिवा शिविर का आयोजन

● नवभारत ब्यूरो. | बैकुंठपुर.
www.navabharat.news



गत दिवस भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा एवं प्रो. एमसी हिमधर जिला संगठक जिला कोरिया के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले गत दिवस शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम शंकरपुर में किया गया. शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो के जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. कामिनी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने किया. प्रथम सत्र में छात्राओं के चार दल बनाये गये क्रमशः रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप, सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख, अहिल्या बाई के ग्रुप लीडर क्रमशः वर्षा, सरिता, सीमा राजवाड़े एवं सुषमा कुर्रे रहीं. जिसमें रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप ने भोजन व्यवस्था तथा बाकी ग्रुप ने ग्राम में रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया तथा हैण्डपंप व स्कूल के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया. साथ ही लोगों को कोविड 19 से बचाव के उपाय से अवगत कराया. द्वितीय सत्र में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर बौद्धिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गयी. स्वागत उद्बोधन प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा किया गया. तत्परचात कु. शालिनी एवं कु. शबाना शापीजी महाविद्यालय बैकुण्ठपुर के वरिष्ठ स्वयं सेवकों द्वारा छात्राओं को मोटिवेट किया गया तथा उन्होंने अपने अनुभव बांटे. स्वयं सेवकों के चार दल बनाये गये थे जिन्हें अलग अलग थीम पर नुक्कड़ व नृत्य प्रस्तुत करना था. जैसे करमा, पंजाबी नृत्य, नागपुरी नृत्य, तथा स्वच्छता, पर्यावरण एवं कोविड 19 पर नृत्य एवं नुक्कड़ प्रस्तुत किये गये. जिसमें मुख्य रूप से कोरोना से बचाव के लिए संदेश दिया गया. प्रो. एमसी हिमधर रासेयो से जुड़ी जानकारियों को विस्तार से छात्राओं के बीच रखा तथा उससे होने वाले लाभ की चर्चा की. अंत में आभार व्यक्त डॉ. कामिनी द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन कु. वर्षा सिंह एवं कु. सुष्मा कुर्रे ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रितेश गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह पैकरा व बिनयामिन लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही. महाविद्यालय के स्टॉफ केजेड उस्मानी, महेन्द्र कुमार कुर्रे, भागवत प्रसाद साहू एवं मोनिका गौर ने समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं दी.

दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर

बिलासपुर, मंगलवार 02 मार्च, 2021 | 14

# स्वयंसेविकाओं ने कोरोना से बचाव के लिए किया जागरूक



भास्कर न्यूज़ | बैकुंठपुर

शा.गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत स्वयं सेविकाओं द्वारा शिविर का आयोजन जिला संगठक प्रो.एमसी. हिमधर, विशिष्ट अतिथि डॉ. कामिनी और प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप की उपस्थिति में ग्राम शंकरपुर में किया गया। इसमें रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप ने भोजन व्यवस्था तथा बाकी ग्रुप ने ग्राम में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। हैण्डपंप व स्कूल के आस पास स्वच्छता अभियान चलाया। ग्रामीणों को कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय की जानकारी दी। स्वयं सेवकों के चारों दल द्वारा अलग अलग थीम पर नुक्कड़ व नृत्य करमा, पंजाबी नृत्य, नागपुरी नृत्य, तथा स्वच्छता, पर्यावरण एवं कोविड 19 पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

2 मार्च 2021

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर


## एक दिवसीय शिविर ग्राम शंकरपुर











AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

अंबिकावाणी 10 मार्च 2021

(अम्बिकावाणी समाचार) - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रामेश्वर शर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत जिले के अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ देने के उद्देश्य से ब्राआपके द्वार आयुष्मानक्ष कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके योजनांतर्गत पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्रों तथा एक्टिव लोक सेवा केंद्रों में 31 मार्च तक निःशुल्क पात्रतानुसार आयुष्मान भारत ई-कार्ड बनाया जा रहा है। इस हेतु ...र्थिक जातीय जनगणना 2011 के बीपीएल परिवार एवं समस्त राशनकार्डधारी परिवार को अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड व मोबाईल नंबर लाना अनिवार्य है। ...री के लिए अपने ग्राम के सरपंच, सचिव, एनएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है।

# कोरिया



# लैंगिक विभेद और स्त्री जीवन विषय पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन





बैकुण्ठपुर (अम्बिकावाणी समाचार) - 8 मार्च 2021 को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, बैकुंठपुर की आई.क्यू.ए.सी और एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक विभेद और स्त्री जीवन विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के उद्बोधन भाषण से हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. उमा गुप्ता (सहायक प्रवक्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय), विशिष्ट अतिथि महेश राज(सचिव, विधिक साक्षरता), सुश्री रश्मि नेताम (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), सुश्री रेशमा बैरागी (व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1), डॉ. सबा परवीन (मेडिकल ऑफिसर, जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर) ने शिरकत की। छात्राओं ने करमा और बस्तरिया लोक नृत्यों, काव्य पाठ और महिला मुद्दों पर नाट्य प्रस्तुति के साथ सफलतापूर्वक इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को अंजाम दिया। अपने वक्तव्य में महेश राज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण आज अपने असल मायनों में चरितार्थ हो रहा है। जब महिलाएँ घरेलू जिम्मेदारियों के अतिरिक्त समाज और देश को नेतृत्व देने की भूमिकाओं में आ रही हैं, इससे न केवल महिलाएँ मजबूत हो रही हैं अपितु पूरा समाज मजबूत हो रहा है। डॉ. सबा परवीन जो पेशे से चिकित्सक हैं, उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी अपने कई व्यक्तिगत अनुभवों को छात्राओं के साथ साझा किया। उन्हें अपने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने कि सलाह दी। स्त्री रोगों के प्रति संकोच के स्थान पर सजगता का रवैया अपनाने की बात कही। सुश्री रश्मि ने छात्राओं को कई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियों के साथ संविधान और विधि द्वारा महिलाओं को प्राप्त विशेष अधिकारों से अवगत करवाया। साथ ही छात्राओं के प्रश्नों और जिज्ञासाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ उमा गुप्ता ने अपनी बातचीत की शुरूआत महिला अधिकारों के प्रति सचेत करने वाले कुछ नारों के साथ की। उनके इस नारे में साथ देते वक्त लड़कियों की खुशी झलक रही थी और उन्होंने बहुत उत्साह के साथ इसमें भागीदारी की। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने महिला दिवस मनाये जाने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहली बार 8 मार्च 1857 को न्यूयार्क में कपड़ा मजदूर महिलाओं ने 8 घंटे काम, वोट डालने का अधिकार, यूनियन बनाने का अधिकार, न्यूनतम वेतन और बालश्रम से मुक्ति की मांग को लेकर मार्च किया, जिसके प्रतीक स्वरूप आगे चलकर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने लगा। इसके पश्चात उन्होंने पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख और पहली महिला डाक्टर आनंदी गोपाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके और उन जैसी अनेक जुझारू महिलाओं के संघर्षों की बदौलत हम यहाँ कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में महिला दिवस मना पा रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि सेक्स और जेंडर के बीच के बारीक अंतर को हमें समझने की आवश्यकता है। प्रकृति इंसान को अलग-अलग सेक्स के रूप में पैदा करती है लेकिन उनका जेंडर के रूप में विभाजन हमने बनाया हुआ है। जेंडरगत विभाजन ही स्त्री को निचले और पुरुष को ऊँचे दर्जे पर स्थापित करता है।

PRINCIPAL
GOVT. NAVEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

Govt. Naveen Girls College AISHE C-9716

# 08 मार्च 2021 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी
## (लैंगिक विभेद एवं स्त्री जीवन) एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम










AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)


कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)

कोरिया (छ0ग0)

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर

## 31 जनवरी 2021 को पोलियो ड्राप्स पिलाने में सहायता करती हुई स्वयंसेविकाएं













AISHE C-9716

PRINCIPAL
GOVT. NAWEEN GIRLS COLLEGE
BAIKUNTHPUR, KOREA (C.G.)

कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय
बैकुण्ठपुर, कोरिया (छ.ग.)